सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **385**
17/04/2026

मुख्यमंत्री ने डॉ0 सी0पी0 ठाकुर से की शिष्टाचार मुलाकात

- मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल विधायक श्री संजय गुप्ता का हाल–चाल जाना।

पटना, 17 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ0 सी0पी0 ठाकुर से उनके आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। डॉ0 सी0पी0 ठाकुर ने अंगवस्त्र एवं पुस्तक भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। डॉ0 सी0पी0 ठाकुर ने श्री सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने भी डॉ0 सी0पी0 ठाकुर को अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने भूतनाथ रोड जाकर दुर्घटना में घायल कुम्हरार के विधायक श्री संजय गुप्ता से मुलाकात की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

******